Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांक 06/06/2022

प्रकाशनार्थ

## कुलपति ने लेफ्टिनेंट जनरल डीपी पांडेय को स्मृति चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर किया सम्मान

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजेश सिंह से सोमवार को उत्तम युद्ध सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल और कमांडेंट एडब्लयूसी डिजिगनेट लेफ्टिनेंट जनरल डीपी पांडेय ने कुलपति कार्यालय में भेंट की।

इस दौरान कुलपति प्रो राजेश सिंह ने लेफ्टिनेंट जनरल डीपी पांडेय को स्मृति चिन्ह और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। लेफ्टिनेंट जनरल पांडेय, डीडीयूजीयू के समाजशास्त्र विभाग से सेवानिवृत्त आचार्य और ख्यातिलब्ध समाजशास्त्री प्रो. पुरुषोत्म पांडेय के पुत्र हैं। प्रो. पांडेय ने 12 अगस्त 1969 को विश्वविद्यालय से जुड़े और 30 वर्षों तक अध्यापन कार्य करने के बाद 30 जून 1999 को सेवानिवृत्त हुए। सोशल स्टैटिस्टिक्स और सोशल रिसर्च उनके एरिया और स्पेशलाइजेशन थे। उनकी पुस्तक समाजशास्त्री परिपेक्ष्य विद्यार्थियों में काफी लोकप्रिय हुई। उनके मार्गदर्शन में कई शोधार्थियों ने अपने शोध कार्यों को पूर्ण किया है।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur